राजस्थान सरकार
राजस्व(ग्रुप--1)विभाग

क्रमांकः प.13(34)राज./ग्रुप–1/2012 जयपुर, दिनांक : 9.8.2012

1. समस्त सम्भागीय आयुक्त
   राजस्थान
2. समस्त जिला कलक्टर्स
   राजस्थान

:– परिपत्र –:

राज्य में तहसील एवं अन्य स्तरों पर जारी होने वाले आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र एवं अन्य समस्त प्रमाण पत्रों के संबंध में आ रही कठिनाईयों एवं प्रमाण पत्रों की प्रक्रिया के सरलीकरण हेतु मा0 मुख्य सचिव महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 1.8.2012 को सम्पन्न हुई बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार आय प्रमाण पत्र के सम्बन्ध में दिशा–निर्देश जारी किये जाने हेतु राजस्व विभाग को नोडल विभाग नियुक्त किया गया है। उक्त बैठक में लिये गये निर्णयानुसार आय प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु निम्नानुसार प्रक्रिया अमल में लाई जानी है :–

1. राजस्व अधिकारी द्वारा किसी व्यक्ति विशेष का आय प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जावेगा, अपितु प्रार्थी/आवेदक स्वंय द्वारा अपनी आय का उदघोषणा पत्र प्रस्तुत किया जावेगा, जिसके समर्थन में आवेदक का प्रमाणित शपथ–पत्र व दो उत्तरदायी व्यक्तियों की साक्ष्य प्रस्तुत करनी होगी

2. दो उत्तरदायी व्यक्तियों में (संसद सदस्य/विधान सभा सदस्य/जिला प्रमुख/ प्रधान/ जिला परिषद सदस्य/सरपंच/वार्ड पंच/महापौर/नगर निगम सदस्य/नगर पालिका अध्यक्ष/नगर पालिका सदस्य/राजकीय अधिकारी/कर्मचारी) होगें। उक्त उदघोषणा के अभिकथन का प्रमाणीकरण किया जायेगा।

3. आवेदक/प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत आय उदघोषणा पत्र का प्रारूप परिशिष्ट--'आई' एवं शपथ–पत्र का प्रारूप संलग्न परिशिष्ट-- 'जे' अनुसार होगा। (परिशिष्ट संलग्न हैं)

4. प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत उदघोषणा के अभिकथन का प्रमाणीकरण कार्यपालक मजिस्ट्रेट (तहसीलदार)/नोटेरी पब्लिक द्वारा किया जायेगा। जिला कलक्टर द्वारा इस हेतु कार्यपालक मजिस्ट्रेटों के मध्य कार्य विभाजन किया जा सकेगा।

5. आयकर रिटर्न भरने की दशा में गत वर्ष के आयकर रिटर्न की पावती की

सत्य प्रतिलिपि एवं पैनकार्ड की सत्य प्रतिलिपि प्रस्तुत करनी होगी।

6. बीपीएल कार्ड धारकों के लिये बीपीएल कार्ड को ही आय के लिये मान्य समझा जावेगा, उनसे पृथक से आय प्रमाण पत्र लेने की आवश्यकता नहीं होगी।

उक्त वर्णित प्रारूप/आवेदन पत्र के अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार के आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेगें। सम्पूर्ण राज्य में उदघोषणा पत्र एवं शपथ पत्र का प्रारूप एक समान होगा। परिपत्र में वर्णित निर्देशों की पालना कराना सुनिश्चित करावें।

आज्ञा से

ह०
(अन्तर सिंह)
शासन उप सचिव

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :-

1. उप सचिव, मा0 मुख्य सचिव
2. निजी सचिव, अति0 मुख्य सचिव, गृह विभाग
3. निजी सचिव, अति0 मुख्य सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग
4. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, राजस्व विभाग
5. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, कार्मिक विभाग
6. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, तकनीकी उच्च शिक्षा विभाग
7. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल एवं संस्कृत शिक्षा विभाग
8. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, आयोजना विभाग
9. निजी सचिव, अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, विद्युत प्रसारण निगम, जयपुर
10. निबन्धक, राजस्व मण्डल राजस्थान, अजमेर

8/12

शासन उप सचिव

आय प्रमाण पत्र      परिशिष्ट– आई

प्रार्थी का फ़ोटो
(पासपोर्ट साईज)
(उत्तरदायी व्यक्ति से फोटो सत्यापित करावे)

1. आवेदक की आवश्यक सूचना (वैकल्पिक बिन्दु को √ से चयन करें)

2 पिता का नाम :–

3 निवास स्थान का पूर्ण पता*

(क) वर्तमान पता :–

(ख) स्थाई पता :–

4 गाँव/शहर * :–    तहसील* :–    जिला* :–

5 जन्म दिनांक : ___/___/_____    जन्म स्थान :–    उम्र :–

6 लिंग* :– ☐ पुरूष ☐ महिला    वैवाहिक स्थिति :– ☐ विवाहित ☐ अविवाहित

7 धर्म :–    जाति :–    उपजाति :–

8 क्या आप/आपका परिवार राजस्थान के मूल निवासी है ? ☐ हाँ ☐ नहीं

9 क्या आप आय कर दाता है* ? ☐ हाँ ☐ नहीं

10 मोबाईल नम्बर

11 पेन कार्ड होने की दशा मे पेन कार्ड नम्बर ........................ एवं आयकर विभाग की रिटर्न की अद्यतन प्रति संलग्न करे।

12 टिन नम्बर होने की दशा मे टिन नम्बर ........................ एवं वाणिज्यिक कर विभाग की रिटर्न की अद्यतन प्रति संलग्न करे।

13 परिवार के सदस्य व उनकी वार्षिक आय का विवरण* :–

| क्र.सं. | सदस्य का नाम | उम्र | सम्बन्ध मुख्या से | कार्य/व्यवसाय व उसकी प्रकृति | वार्षिक आय (रु.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |
| 3 | | | | | |
| 4 | | | | | |
| अन्य स्रोत से आय (यथा मकान किराया, ब्याज, पेंशन, रोयल्टी आदि) | | | | योग:– | |

मै तसदीक करता/करती हूँ कि उपरोक्त विवरण मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सही है।
14 अन्य तथ्यों के सत्यापन स्वरूप दो आधारों/दस्तावेज़ साक्ष्य प्रमाण एवं स्वयं का शपथ-पत्र संलग्न है।

दिनांक :

स्थान :      आवेदक के हस्ताक्षर
प्रार्थी

133    02

परिशिष्ट-प्र

6

शपथ-पत्र

प्रार्थी का फोटो

मैं..............पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री ............उम्र...........निवासी........ ...........तहसील...........जिला.........राजस्थान शपथ पूर्वक निम्न बयान करता/हूँ:-

1.यह कि मुझे व मेरे परिवार की वार्षिक आय (वर्ष......)के प्रमाण स्वरूप उदघोषणा करनी है।

2. यह कि मेरे व मेरे परिवार की वार्षिक आय (वर्ष........)के सम्बन्ध तथ्यात्मक जानकारी निम्नानुसार है:-

| क्रम सं. | परिवार के सदस्य का नाम | व्यवसाय | प्रार्थी से सम्बन्ध | वार्षिक-आय रुपयो में |
|---|---|---|---|---|
| | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | | | | |
| | | | | |
| | | | | योग......... |

3.यह कि मेरे परिवार के सदस्यों द्वारा धारित भूमि/व नोशनल शेयर के धारित कुल भूमि का विवरण इस प्रकार है:-

| गाँव का नाम | तहसील | खसरा नम्बर | रकबा | सिंचित/असिंचित | वार्षि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | |
| | | | | | |

4.यह कि मेरे परिवार में अन्य श्रोतों से आय निम्न प्रकार है-

| क्रम संख्या | आय के अन्य स्त्रोत (यथा भवन सम्पत्ति, किराया, ब्याज,पेंशन,शेयर,म्यूचवल फण्ड आदि से आय) | वार्षिक आय |
|---|---|---|
| | | |

| कुल/समस्त वार्षिक आय | चरण(पैरा) सं.2,3,4का योग |
| --- | --- |
| | |

5.यह है कि मैं शपथ पूर्वक घोषित करता/करती हूँ कि उपरोक्तानुसार मेरे परिवार की कुल/समस्त वार्षिक आय ..................रूपये अक्षरे..................रूपये है।
6. मैं शपथ पूर्वक कथन करता/करती हूँ कि मेरे व मेरे परिवार के किसी सदस्य ने विगत में उक्त अंकित वार्षिक आय से भिन्न आय किसी प्रयोजनार्थ नहीं दर्शायी है तथा न ही इस बाबत कोई आय प्रमाण पत्र प्राप्त किया है।
7. मैं शपथपूर्वक कथन करता/करती हूँ कि यह तथ्य मेरी जानकारी में है कि इस शपथ पत्र में अंकित तथ्य एवं शपथ-पूर्वक उदघोषित वार्षिक आय का गलत अथवा मिथ्या होना भारतीय दंण्ड संहिता के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध है।

हस्ताक्षर शपथ ग्रहिता

सत्यापन

मैं शपथपूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि उपरोक्त शपथ पत्र की चरण संख्या 1से 7 मेरी निजी जानकारी से लिखाया गया है जो सही है। इसमें कोई तथ्य नहीं छुपाया है और न ही असत्य लिखा है। ईश्वर साक्षी है।

हस्ताक्षर शपथ ग्रहिता

हस्ताक्षर पहचानकर्ता
1....................
2....................

(नाम, पता, स्थान व दिनांक सहित)

प्रमाणीकरण

उपरोक्त शपथकर्ता नाम ............पिता का नाम...........जाति ....उम्र.........निवासी...... ने मेरे समक्ष उपस्थित होकर शपथपूर्वक उक्तानुसार अभिकथन किया है, जिसे प्रमाणीकृत किया जाता है। प्रार्थी की पहचान...........के द्वारा की गई है।

हस्ताक्षर
प्रमाणीकरण अधिकारी ( कार्यपालक मजिस्ट्रेट/नोटेरी पब्लिक
का नाम व पद मय सील

स्थान

दिनांक